
श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 26 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 08 नवम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया


## दोपहर में गर्मी, सुबह-शाम ठंड

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में इन दिनों मौसम भी आमजन के मजे ले रहा हैं। दोपहर में गर्मी तो देर शाम से लेकर सुबह तक ठंड का मौसम है। जिले में अधिकतम तापमान 31 डिग्री व न्यूनतम तापमान 18 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

मौसम जानकारों के अनुसार प्रदेश में फिलहाल उत्तर-पूर्वी हवाएं चल रही हैं। जब इनका रुख उत्तर-पश्चिमी हो जाएगा और पहाड़ों पर बर्फबारी होगी, तब यहां के तापमान में और गिरावट होगी। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण 15 नवंबर से तापमान में गिरावट आने की संभावना बताई जा रही हैं। मौसम वैज्ञानिक शिल्पा आप्टे ने बताया की 15 नवंबर से ठंड का असर तेज हो सकता है। पारे में 2 से 3 डिग्री की गिरावट देखने को मिलेगी। एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह बना रहेगा। दिन में पारा 30 डिग्री से ज्यादा रहेगा जबकि रात में पारा 12 से 20 डिग्री के बीच बना रहेगा।

# अर्धवार्षिक परीक्षा: कोर्स पूरा करना चुनौती




**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शिक्षा केंद्र ने पांचवीं, आठवीं के साथ नौवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं की अर्धवार्षिक परीक्षा का टाईम टेबल जारी कर दिया है। खाली पदों पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती हाल ही में हुई तो अतिशेष की प्रक्रिया भी कुछ समय पूर्व ही हुई। ऐसे में अब जब की अर्धवार्षिक परीक्षा में केवल 30-40 दिन बचे हैं। अब इस समय में कोर्स पूरा करवाना चुनौती होगा। इसका कारण यह भी है कि शीतकालीन अवकाश के साथ रविवार और अन्य सरकारी अवकाश भी इस अवधि में होगे। सरकारी स्कूलों में परीक्षा के पेपर भोपाल से आएंगे। जबकि, अशासकीय स्कूल खुद बनाएंगे। बता दे कि त्रैमासिक परीक्षा बिना तैयारी के विद्यार्थियों को इस बार देना पड़ी थी।

### पिछले साल अक्टूबर में हुई थी अर्धवार्षिक परीक्षा...

राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) द्वारा कक्षा 5वीं व 8वीं और नौवीं से ग्यारहवीं की अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। पांचवीं और आठवीं की शासकीय व अर्धशासकीय स्कूलों में एक साथ 16 से 21 दिसंबर तक अर्धवार्षिक परीक्षा होगी। वहीं नौवीं से ग्यारहवीं तक की परीक्षा 9 दिसंबर से 19 दिसंबर तक होगी। इधर जिले में शासकीय स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा को लेकर कोर्स पूर्ण होना बाकी है। त्योहारों की छुट्टी के बाद सोमवार से स्कूल खुले हैं। ऐसे में अब शिक्षको द्वारा बचा हुआ कोर्स पूर्ण करवाने के साथ तैयारी करवाना एक चुनौती है। पिछले साल तो अक्टूबर माह में ही अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू हो गई थी, इस साल 16 दिसंबर से शुरू हो रही है। ऐसे में शिक्षकों व विद्यार्थियों को कोर्स पूरा करने के साथ परीक्षा की तैयारी का भी समय मिल जाएगा। अर्धवार्षिक परीक्षा में 30 नवंबर तक का कोर्स शामिल किया जाएगा। इन दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर होना हैं। शासकीय स्कूलों के तो पेपर भोपाल स्तर से आएंगे। जबकि, अशासकीय स्कूल आरएसके द्वारा जारी ब्ल्यू प्रिंट के आधार पर अपने स्कूल स्तर पर ही पेपर तैयार कर परीक्षा लेंगे।

### तीसरीं से आठवीं तक का शेड्यूल भी जारी...

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रदेश में प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के लिए अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं आयोजित करने के आदेश के साथ दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके तहत कक्षा तीसरी से 8वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षाएं 16 से 21 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। इसमें तीसरी से पांचवीं तक की परीक्षा 16 से 20 दिसंबर और छठी से 8वीं तक की परीक्षाएं 16 से 21 दिसंबर तक आयोजित होंगी। समय दोनों के लिए एक जैसा सुबह 11 से दोपहर 1.30 बजे तक का रहेगा। खास बात यह है कि अशासकीय स्कूल कक्षा पांचवीं व 8वीं को छोड़कर शेष कक्षाओं की परीक्षा अपने शेड्यूल के अनुसार कर सकेंगे।

**[ सरकारी स्कूलों में भोपाल से आएंगे पेपर ]**

### पांचवीं-आठवीं में 60 अंक के पेपर में कुल 26 प्रश्न पूछे जाएंगे...

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार 60 अंक के पेपर में कुल 26 प्रश्न पूछे जाएंगे। इस दौरान 5 बहुविकल्पीय (1-1 अंक), 5 रिक्त स्थान (1-1 अंक), 6 अतिलघुउत्तरीय (2-2 अंक), 6 लघु उत्तरीय (3-3 अंक) और 4 दीर्घउत्तरीय (5-5 अंक)प्रश्न पूछे जाएंगे। सभी सरकारी स्कूलों में पेपर राज्य शिक्षा केंद्र से आएंगे, जिन्हें प्रिंट करके या फोटो कॉपी कराकर शासकीय स्कूलों में वितरित किया जाएगा। जबकि, अशासकीय स्कूल विद्यालय स्तर पर अपने पेपर खुद बनाएंगे।

### तीसरी, चौथी, छठी व 7 वीं की भी परीक्षा साथ होगी...

आरएसके द्वारा प्रावि-मावि की अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए जो - शेड्यूल जारी किया गया है। उसमें कक्षा 5वीं व 8वीं के साथ कक्षा तीसरी, चौथी और छठी व 7 वीं की भी अर्धवार्षिक परीक्षा साथ-साथ होगी।

# जंगलात अमले ने खोजे इमली के पेड़..!

## वन विभाग ने भेजी शासन को जानकारी, आधा दर्जन वृक्ष मिले

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** जंगल विभाग की कार्रवाई का नाम सामने आते ही तेन्दुओ, नील गाय, मगरमच्छ, चीता, हिरण, अजगर जैसे जानकारों का रेस्क्यु सामने आता है। लेकिन, इस बार जंगल विभाग ने इमली के पेड़ ढूंढने में पसीना बहाया। विभाग ने इमली के पेड़ की तलाश की। हालांकि जंगलों में तो पेड़ नहीं मिले, लेकिन राजस्व भूमि पर लगभग आधा दर्जन पेड़ मिले। हम बात कर रहे हैं बाओबाब (खुरासानी इमली ) के पेड़ों की। निर्देश मिलने के बाद जंगल विभाग ने इनकी तलाश की। बाद में जानकारी शासन को भेजी है। दरअसल लगातार तस्करी के बाद विभाग ने इसे संरक्षित घोषित किया है।

मप्र वन विभाग प्रदेशभर के जंगलों में बाओबाब (खुरासानी इमली ) के पेड़ों की तलाश कराने जा रहा है। यह पेड़ धार जिले के मांडू में बहुतायत में पाया जाता था। लेकिन, पिछले कुछ समय से इसके पेड़ों की तस्करी के कारण इनकी संख्या में तेजी से गिरावट आई है। मप्र वन विभाग ने अब इसे संरक्षित पेड़ घोषित करते हुए सभी वन मंडलों को निर्देश दिए हैं कि यदि उनके यहां बाओबाब का कोई भी पेड़ मौजूद है, तो उसकी सुरक्षा का इंतजाम करते हुए उसकी जानकारी मप्र बायोडायवर्सिटी बोर्ड को भेजी जाए। यह दुर्लभ पौधा मूल रूप से मध्य एशिया में उत्तर-पूर्वी ईरान के खुरासान क्षेत्र में पाया जाता था। 14वीं शताब्दी में महमूद खिलजी के शासनकाल के दौरान इसके कुछ पौधे मांडू में लाकर लगाए गए थे, मांडू की जलवायु में यह पौधे विकसित होकर बड़े हुए और आसपास फैल गए। खुरासान से लाए जाने के कारण इसके फलों को खुरासानी इमली कहा जाने लगा। मांडू में वर्तमान में 1100 पेड़ हैं, पहले यहां 1180 थे। यहां इनकी सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं हैं।



### ऐसा जैसे जमीन से उखाड़कर उल्टा खड़ा किया हो...

यह पेड़ अपनी अजीब बनावट के कारण ऐसा लगता है जैसे इसे जमीन से उखाड़कर उल्टा खड़ा कर दिया हो, जिसकी जड़ें ऊपर हों और तना नीचे हो। पत्तियां सिर्फ बारिश में ही दिखती हैं। इसके फल खाने पर 4 से 5 घंटे तक प्यास नहीं लगती है। यह भीषण गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचाव भी करता है। इस पेड़ की उम्र के बारे में कहा जाता है कि इसकी उम्र 5 हजार वर्ष से भी अधिक है, जो तने में 1.20 लाख लीटर पानी संग्रह करके रख सकता है।

**इनका कहना...**

जंगल क्षेत्र में बाओबाब (खुरासानी इमली ) के पेड़ नहीं मिले हैं। राजस्व भूमि पर पांच-छह पेड़ मिले हैं। जिनकी जानकारी भेजी गई है। आगे जो भी दिशा निर्देश मिलेगे, उस पर काम किया जाएगा।

**संजय रायखेड़े, डीएफओ, मंदसौर**

## कार से डोडाचूरा तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कार में डोडाचूरा तस्करी करते पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर नाहरगढ़ थाने के एएसआई अंतरसिंह जादौन ने मोतीपुरा-बाजखेड़ी मार्ग पर नाकाबंदी कर कार (एमपी 14 जेडसी 9274) को रोका, तलाशी के दौरान तीन कट्टों में भरा 45 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान बनी (शामगढ़) निवासी श्यामसिंह (26) पिता भंवरसिंह सौंधिया होना बताई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार जब्त की। एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर आरोपी से पूछताछ जारी है।

## भतीजे सहित 2 पर मारपीट का मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** खेत की मेढ से पत्थर हटाने के विवाद में मारपीट पर पुलिस ने भतीजे आरोपियों पर केस दर्ज किया। अब्दापुर निवासी देवीलाल मीणा ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि खेत की मेड के पत्थर हटाने की बात पर भतीजे शंकरलाल से विवाद हो गया। शंकरलाल ने उसके साथी कन्हैयालाल भील के साथ मिलकर गाली-गलौज की व मारपीट कर लकड़ी से पीटा, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## रोडी हटाने के विवाद में मारपीट

**पिपलियामंडी, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** महिला से मारपीट के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। बेटीखेड़ी निवासी दुर्गा पिता राधेश्याम जाट ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि भरत पिता किशन जाट ने मेरी नानी कौशल्याबाई से रोड़ी हटाने की बात पर विवाद किया। जिसकी शिकायत पुलिस को की थी। इसी को लेकर भरत ने गाली-गलौज की, मैने गालियां देने से मना किया तो मारपीट की। पुलिस ने भरत पर केस दर्ज किया।

## युवक को पीटा, 4 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों पर केस दर्ज किया। संजीत मगरा निवासी वहीद पिता यासीन मेवाती ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि खेत हांकने के लिए लाया गया टेत्रक्टर मेरे खेत में से निकालने के लिए मना किया तो सलीम पिता यासीन मेवाती, शाहरुख पिता सलीम खां मेवाती, एहसान पिता साबिर, साबरा पति सलीम ने गाली-गलौज कर मारपीट की। लकडी से पीटा, जिससे चोंट आई। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## महिला को पीटा मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** महिला से मारपीट पर पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया। मुण्डकोषा निवासी मीराबाई नायक ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि विशाल पिता शंकरलाल नायक शराब पीकर मेरे घर आया और बोला कि तेरा भतीजा भेरु मेरी बहन रानू को लेकर चला गया। मैंने कहा कि मेरी उससे कोई बातचीत नही है तो विशाल ने गालियां दी व लकडी से मारा, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने विशाल पर केस दर्ज किया।

## सरकारी अस्पतालों में महिलाओं को मिलेगी तत्काल सहायता...

# पिंक अलार्म पैनिक बटन लगेगा, दबाते ही मिलेगी मदद




**भोपाल, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में किसी महिला से बदसलूकी या छेड़छाड़ की घटना पर तत्काल मदद पहुंचाने की कवायद शुरू हुई है। इसके लिए सरकारी अस्पतालों में पैनिक बटन लगाए जाएंगे। यह पैनिक बटन निकटतम पुलिस थाने से कनेक्ट होंगे। आपात स्थिति में बटन दबाने पर पुलिस का अमला थोड़ी ही देर में अस्पताल पहुंच जाएगा। इन पैनिक बटन को पिंक अलार्म नाम दिया गया है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में इंटर्न डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद अस्पतालों में भी महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी थी। इसके लिए सभी अस्पतालों में सुरक्षा की समीक्षा की गई थी।

### अस्पताल में कई जगह लगाया जाएगा पिंक अलार्म..

बताया गया हैं की कुछ संवेदनशील स्थानों पर कुछ दिनों के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई गई। लेकिन, इसे एक सिस्टम का रूप नहीं दिया जा सका। लेकिन, अब पैनिक बटन के तौर पर एक अलार्म सिस्टम लगाने की कवायद शुरू हुई है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, इस पिंक अलार्म को अस्पताल में ओपीडी, ड्यूटी रूम, पार्किंग, कॉरिडोर जैसी कई जगहों पर लगाया जाएगा।

### जेपी अस्पताल में जगह चिह्नित, 12 से 13 स्थानों पर लगेंगे पिंक अलार्म

भोपाल के जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि यहां पैनिक बटन लगने से महिलाओं के साथ अन्य मरीजों की सुरक्षा भी हो सकेगी। अस्पताल में कई प्रकार के व्यक्ति आते हैं, इससे एक डर तो बना रहता है। जगह पहले से चिह्नित कर ली है। यहां करीब 12 से 13 स्थानों पर पिंक अलार्म यानी पैनिक बटन लगाए जाएंगे।

### एम्स भोपाल पहले ही लगा चुका है

एम्स भोपाल में रेजिडेंट डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर हड़ताल हुई थी। उसके बाद परिसर में कई स्थानों पर पैनिक बटन लगा दिए गए। एम्स में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन और सेंट्रलाइज्ड सिस्टम है। पैनिक बटन दबाते ही अस्पताल का सिक्योरिटी सिस्टम अलर्ट होता है, जिससे सुरक्षाकर्मी तुरंत ही उस जगह पहुंच जाते हैं। अब ड्यूटी रूम में डेढ़ सौ पैनिक बटन लगाने की तैयारी है। इसके अलावा यह पैनिक बटन शौचालय में भी लगेंगे।




**कार्य प्रारम्भ**-मंदसौर शिवना प्रोजेक्ट का कार्य जो बारिश के वजह से रुक गया था। अब पुन: शुरू हो चुका है, जिसके चलते तीन छत्री बालाजी से मंदिर स्थित बड़ी पुलिया तक शिवना घाट बनाने के लिए सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया।

# उंगलियां दे रही तनाव..!

## आयुष्मान कार्ड बनवाने में बुजुर्गो को आ रही परेशानी



**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस। सरकार ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। लेकिन, इस उम्र ताक आते आते कई बुजुर्गो की उंगलियां घिस जाती हैं। इससे फिंगर प्रिंट नहीं मिल पाते हैं। ऐसे में कई बुजुर्ग तनाव में हैं।**

गंगा बाई की आयु 72 साल हैं, उनकी अंगुलियां घिस चुकी हैं। वे आयुष्मान बनवाने अस्पताल पहुंची तो यह कहकर दोबारा आने को कहा गया कि उनके फिंगर प्रिंट नहीं लग पा रहे हैं। यह समस्या बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड को लेकर सामने आ रही है। 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों के फिंगरप्रिंट घिस जाने के कारण उनके आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। दूसरा आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट न होना भी बड़ा कारण है। इसके चलते रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहे और ओटीपी नहीं मिल रहा है। कई बुजुर्गों के आधार पर उनके बेटों का नंबर अपडेट है। बेटे बाहर रहते हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर आ रही परेशानियों पर आयुष्मान सीईओ ने रिव्यु किया। उसमें भी यह समस्या सामने आई है। पिछले एक महीने में प्रदेश में मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में 38,000 से ज्यादा आयुष्मान केसेज रिजेक्ट किए गए, जिनमें से 10-15प्रश मामले फिंगरप्रिंट स्कैन न होने के कारण रिजेक्ट हुए।

**इनका कहना...**

फिंगरप्रिंट मैच नहीं होते हैं तो मोबाइल पर ओटीपी के जरिए आयुष्मान कार्ड बनवाया जा सकता है। आधार पर मोबाइल नंबर अपडेट होना चाहिए।

**डॉ योगेश भरसट, सीईओ, आयुष्मान भारत मप्र**

# ढाई लाख घरों में पहुंचेगा गांधीसागर से पेयजल

**[ नए साल के पहले पूरा हो जायेगा प्रोजेक्ट ]**



**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस। प्रदेश में लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम प्रोजेक्ट पूर्ण होने की कगार पर है। मंदसौर के गांधीसागर प्रोजेक्ट के दिसंबर में पूरा होने की संभावना है, जिससे 2.50 लाख घरों को शुद्ध पेयजल मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गांधीसागर समूह जलप्रदाय प्रोजेक्ट को वरदान बताते हुए कहा है कि इससे न केवल ग्रामीणों को पेयजल मिलेगा बल्कि उनके जीवनस्तर में भी सुधार होगा।**

गांधी सागर समूह जलप्रदाय प्रोजेक्ट 1211.56 करोड़ का है। मंदसौर जिले के 920 गांवों के लिए ये प्रोजेक्ट वरदान बनेगा। प्रोजेक्ट से 2 लाख 40 हजार घरों में शुद्ध पेयजल सप्लाई किया जाएगा। इस योजना का 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और दिसम्बर तक यह प्रोजेक्ट पूरा होने की उम्मीद है। यानि अगले दो माह में अर्थात नए साल से लोगों के घरों में नलों से पानी आने लगेगा। प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में गांधीसागर बांध से जल आपूर्ति का एक स्थिर रास्ता तैयार किया जा रहा है। हर साल गर्मी में पानी की कमी होती थी, जलस्त्रोतों के सूखने के कारण लोग पानी की समस्या से जूझते रहते थे, अब ये दिक्कतें खत्म हो जाएंगी। गांधीसागर जलप्रदाय प्रोजेक्ट से न सिर्फ इलाके में पानी की कमी पूरी होगी बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। प्रोजेक्ट में 1200 से अधिक मजदूर लगे और पूरा होने पर भी कई लोगों को रोजगार मिलेगा। इस कारण गांधी सागर प्रोजेक्ट मंदसौर जिले में विकास और समृद्धि का प्रतीक बन गया है।

# कप्तान की स्पेशल टीम ने बोला जुए की फड़ पर धावा

**[ छब्बीस गिरफ्तार, सात लाख रुपए से ज्यादा बरामद ]**



**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस कप्तान की स्पेशल टीम ने शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में चल रही जुए की फड़ पर धावा बोला। जहां से 26 जुआरियो को दबोचा गया। मौके से 07 लाख रुपये से ज्यादा नगद राशि मिली।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड स्थित खत्री मोहल्ले में चल रहे जुआ घर पर टीम ने दबिश दी। जहां से 26 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं 07 लाख 17 हजार रुपए जब्त किए।मौके से मौके से एक स्कूटर सहित तीन बाइक भी पुलिस ले बरामद की है। पुलिस के मुताबिक ताशपत्ती से हारजीत का जुआ खेलते हुए विजय पिता प्रहलाद भावसार उम्र 39 साल निवासी खानपुरा, भूपेन्द्र पिता कमलसिंह राजपुत उम्र 50 साल निवासी कीटयानी, कैलाश पिता सुरजमल गौसाई उम्र 47 साल निवासी नालछामाता, सालिगराम पिता अमरा मेघवाल उम्र 42 साल निवासी ग्राम बोरखेड़ी थाना मल्हारगढ़, शाहरूख पिता फिरोज पठान उम्र 24 साल, अदनान पिता शकील पठान दोनों निवासी बघाना जिला नीमच, कैलाश पिता मनोहरलाल निवासी प्रतापगढ़ पुलिया मंदसौर, पवन पिता गोर्वधन महाजन 43 साल निवासी आलोट, सिद्दीक पिता कल्लन खां मेवाती निवासी नयापुरा मंदसौर, महिपाल पिता कमलसिंह राजपुत उम्र 25 साल निवासी रेलवे स्टेशन मंदसौर, अब्दुल कलीम पिता अब्दुल हक उम्र 27 साल निवासी नीमच, इमरान पिता रफीक कुरैशी उम्र 30 साल निवासी खानपुरा, कुलभुषण पिता रवीन्द्र कुमार शर्मा उम्र 36 साल निवासी नीमच, जाहिद पिता वाजिद खान मेवाती उम्र 35 साल, शैलेष पिता तुलसीराम परमार उम्र 48 साल दोनों निवासी अभिनंदन नगर, लालचंद पिता मोतीलाल ग्वाला उम्र 39 साल निवासी थाना नीमच कैंट, मोनु पिता सुनील धोबी उम्र 34 साल निवासी जगतपुरा मंदसौर, अंकुर पिता भागीरथ ग्वाला उम्र 30 साल निवासी रामपुरा दरवाजा जावद, सादिक पिता एहमद खान पठान उम्र 30 साल निवासी बघाना, राहुल पिता प्रेमचंद उम्र 35 साल निवासी प्रतापगढ़ पुलिया मंदसौर, कमल पिता राजेन्द्र त्रिपाठी उम्र 28 सालनिवासी अभिनंदन नगर, कमलेश पिता मनोहरलाल जैन उम्र 45 साल निवासी खनेरा चित्तोड़गढ़, सोनु पिता चंद्रभान चौहान उम्र 40 साल निवासी अभिनंदन नगर, अरिहंत पिता प्रकाश जैन उम्र 35 साल निवासी गांधी चौराहा पिपलियामंडी, इरफान पिता मो. उस्मान उम्र 42 साल निवासी खानपुरा को पकड़ा है। जुआघर पर दबिश देने जब पुलिस की विशेष टीम पहुंची तो यहां से कुछ जुआरियो ने भागने की कोशिश की। इस दौरान इमरान छीपा नाम के जुआरी को चोंट आने की जानकारी भी सामने आई थी। हालांकि, इसकी पुष्टी नहीं हो पाई थी।



शिवना नदी में दीपदान एवं सफाई व्यवस्था को लेकर नपाध्यक्ष ने...

# अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव का 62वां भव्य मेला दिनांक 11 नवम्बर से 30 नवम्बर तक नपा परिषद के द्वारा आयोजित किया जाना है दिनांक 15 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर मंदसौर जिले एवं आसपास के अंचलों के हजारों श्रद्धालुगण शिवना नदी में दीपदान करने आयेंगे। शिवना नदी में दीपदान की व्यवस्था बेहतर हो तथा शिवना नदी के दोनों तटों पर पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था हो यह सुनिश्चित करने के लिये कल गुरूवार को नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नगरपालिका व पीआईयू के तकनीकी अधिकारियों के साथ रामघाट बैराज से लेकर पशुपतिनाथ की छोटी पुलिया तक शिवना नदी केपानी को स्वच्छ रखने हेतु निरीक्षण किया और गंदा पानी जहां भी शिवना नदी में मिल रहा है उन सभी पाईंटों को चिन्हित किया। निरीक्षण के दौरान शिवना शुद्धिकरण प्रोजेक्ट की क्रियान्वयन एजेंसी पीआईयू के सहायक यंत्री अजय जैन, ठेकेदार के प्रतिनिधि प्रमोद चौहान, नपा कार्यपालन यंत्री पी.एस. धारवे को नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने शिवना नदी में होने जा रहे दीपदान के मद्देनजर गंदे पानी को रोकने के लिये आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पशुपतिनाथ मेला समिति सभापति श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी, नपा सभापतिगण सत्यनारायण भांभी, रमेश ग्वाला, दीपमाला मकवाना, निलेश जैन, पार्षदगण सुनीता गुजरिया, ईश्वरसिंह चौहान एड., दीपक गाजवा, पार्षद प्रतिनिधि शैलेन्द्र गोस्वामी, राजेश सोनी ऐरावाला, माया भावसार, राकेश भावसार, बब्बू भाई पमनानी, नपा उपयंत्री एस.पी.सिंह, नपा गैरेज सहायक जाकिर भाई सहित कई कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के मौके पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि नगरपालिका परिषद आगामी दिनों में लगने वाले मेले की तैयारियों में लगी है शिवना नदी में जहां दीपदान होता है वहां की व्यवस्था बेहतर हो तथा श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिये नपा ने प्रयास अभी से प्रारंभ कर दिये है। नपा का प्रयास रहेगा कि रामघाट से लेकर पशुपतिनाथ की छोटी पुलिया तक शिवना का पानी स्वच्छ रहे।

## एएनएम संयुक्त परीक्षा हेतु दस्तावेजों का आज जिला चिकित्सालय मंदसौर में परीक्षण करवाएं

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा याचिका क्रमांक 5747/2023तबस्सुम कुरेशी और अन्य बनाम मध्य प्रदेश राज्य और अन्य तथा संबंधित अन्य याचिकाओं में पारित आदेश के परिपालन में समस्त याचिकाकर्ताओं जिन्होंने कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 के अंतर्गत ए.एन.एम. महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सीधी भर्ती हेतु आयोजित संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण की है एवं उनका नाम मेरिट में हैं, नियुक्ति संबंधी नियमानुसार निर्णय लिये जाने हेतु दस्तावेजों के परीक्षण के संबंध में 8 नवंबर को सुबह 9:30 बजे संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-मन्दसौर (म.प्र.) पता-जिला चिकित्सालय के उपर, मंदसौर के समक्ष समस्त यथोचित दस्तावेजों एवं माननीय न्यायालय के निर्णय की सर्टिफाईड कॉपी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।



# भारत स्काउट गाइड की हीरक जयंती पर कैंसर निवारण एवं पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** भारत स्काउट गाइड की 75वीं वर्षगांठ पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं बधाई देते हुए जिला संघ के नेतृत्व में भारत स्काउट गाइड द्वारा रैली आयोजित कर कैंसर अवेयरनेस एवं पर्यावरण जागरूकता हेतु रैली आयोजित कर जन-जन को कैंसर हेतु जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण का किया गया संदेश। रैली में नगर के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड सम्मिलित हुए।

जिला मुख्य आयुक्त अंशुल भाई बैरागी जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मुख्य आयुक्त गाइड टेरेसा मिंज, जिला अध्यक्ष डॉ आशीष खिमेसरा, सी एम राइज प्राचार्य. के.सी. सोलंकी, योजना अधिकारी दिलीप मुजावदिया द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाई गई। यह रैली जिले के मुख्य मार्ग गांधी चौराहा से जिला चिकित्सालय मार्ग, बीपीएल चौराहा नूतन स्टेडियम होते हुए नूतन स्कूल में समापन किया गया। रैली प्रभारी एम.एल.गोड, विनोद जोशी, मोहम्मद उमर शेख, सुखदेव बोरीवाल द्वारा रैली नेतृत्व किया। कार्यक्रम में मनीष भावसार पर्यावरणविद की उपस्थित ने उपस्थित रहकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। विशेष योगदान समस्त विद्यालय स्काउट गाइड प्रभारी एवं सुरेश भावसार सलमा शाह जिला सचिव का रहा।

**यह दिया संदेश**-भारत स्काउट गाइड की रैली द्वारा नारे बैनर, पोस्टर नारे रैली निकालकर नागरिकों में कैंसर के प्रति अवेयरनेस का संदेश दिया गया कि कैंसर अब लाइलाज बीमारी नहीं है ,बल्कि इसका इलाज संभव है,कैंसर से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी कैंसर होने के कारणों पर भी प्रकाश डाला। साथ ही स्काउट गाइड का नियम है कि वह प्रकृति प्रेमी एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक रहता है और आम जनता में भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने का काम करते हैं, यह संदेश भी इस रैली में दिया गया आज से ही पूरे वर्ष तक स्काउट गाइड के हीरक जयंती के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंदसौर जिला स्काउट गाइड प्रभारी दीपिका बैरागी ,जिला मुख्य आयुक्त अंशुल भाई बैरागी,जिला शिक्षा अधिकारी लोकेंद्र कुमार डाबी, टेरेसा मिंज, जिला रोवर्स कमिश्नर एनडी वैष्णव, राष्ट्रपति पुरस्कार जिला रेंजर कमिश्नर श्रीमती सुनीता गोधा ,श्रीमती जैन सीतामऊ, सहायक जिला कमिश्नर एडवोकेट राहुल माली ,जिला सचिव सलमा शाह, प्रभारी कवब मनीष एवं रश्मि पाटीदार, कब कमिश्नर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हरीश नामदेव, जिला प्रवक्ता मोहम्मद उमर शेख, कमल राठौर, सुखदेव बोरीवाल ,विनोद जोशी, मनोहर लाल शर्मा आदि ने भी शुभकामनाएं दी है।

स्विगी इंस्टामार्ट और फार्मईज़ी की संभावित साझेदारी पर एआईओसीडी द्वारा...

# ड्रग कंट्रोलर को पत्र लिखकर चिंता व्यक्त की

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी, सचिव पंकज सुराणा व कोषाध्यक्ष आशीष जैन ने बताया कि ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के 12.40 लाख सदस्य, देश भर में दवाओं के वितरण और स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता को बनाए रखने में प्रतिबद्ध है , संस्था ने हाल ही में स्विगी इंस्टामार्ट और फार्मईज़ी के बीच डार्क स्टोर्स के माध्यम से 10 मिनट में दवाइयाँ वितरित करने के लिए हो रही कथित साझेदारी को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की हैं। एआईओसीडी ने भारत के डीसीजीआई को एक पत्र लिखकर कहा है कि यह कदम भारतीय कानून के तहत निर्धारित मानकों के खिलाफ है और इससे स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े कई गंभीर खतरे पैदा हो सकते हैं।

इसकी संभावित गंभीरता की जानकारी देते हुए एआईओसीडी के अध्यक्ष जे.एस शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने बताया कि इसमें हमारी निम्न मुख्य चिंताएँ है जिसे हमने सीडीएससीओ के समक्ष रखा है जिसमें कानूनों का उल्लंघन भारत में दवाओं के वितरण के लिए कड़े नियम बने हुए हैं जो रोगी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इस साझेदारी में उचित पर्चे की जांच और रोगी की पहचान जैसे महत्वपूर्ण मानकों की अनदेखी की आशंका है, जिससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। एंटी-माइक्रोबियल प्रतिरोध (एएमआर)रू सरकार द्वारा एएमआर के खतरे से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बावजूद, ई-फार्मेसी के अनियंत्रित संचालन से इस समस्या में और वृद्धि होने का डर है। इस प्रकार की साझेदारियाँ एएमआर से लड़ने के प्रयासों को कमजोर करती हैं। फार्मईज़ी के साथ जोखिम भरी साझेदारीरू फार्मईज़ी, जो स्वयं विनियामक उल्लंघनों के कारण कई कानूनी मामलों में उलझा हुआ है, के साथ इस तरह की साझेदारी स्विगी के लिए भी कानूनी और विनियामक जोखिम बढ़ा सकती है। गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा से समझौतारू अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी मॉडल के चलते एक्सपायर या नकली दवाइयों की संभावना बढ़ सकती है, जो रोगी सुरक्षा के लिए हानिकारक है। इस प्रकार के मॉडल में आवश्यक गुणवत्ता मानकों का पालन संभव नहीं हो पाता। एआईओसीडी का मानना है कि ऐसी साझेदारियाँ न केवल कानूनी रूप से, बल्कि जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंता का विषय हैं। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि इन मुद्दों की गहनता से समीक्षा करें और सभी आवश्यक कदम उठाए ताकि देश के नागरिकों को सुरक्षित और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। एआईओसीडी पारंपरिक केमिस्टों की भूमिका को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध है और जनता की सुरक्षा के लिए किसी भी संभावित खतरे का सदैव विरोध करता रहेगा।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में प्राचार्यों की बैठक सम्पन्न

**नीमच, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा द्वारा गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में त्रैमासिक परीक्षा एवं अक्टूबर माह के मासिक टेस्ट परिणाम की समीक्षा की गई। बैठक में मासिक टेस्ट में पॉच अधिकतम तथा 10 न्यूनतम परिणाम वाले प्राचार्यों सें वन-टू-वन चर्चा की गई। 100 प्रतिशत परिणाम वाले 5 प्राचार्यो को बधाई देते हुए, नीमच का कोई भी विद्यालय इसमें शामिल नहीं होने से नाराजगी व्यक्त की गई। कम परिणाम वाले 10 विद्यालयों के प्राचार्यों को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने तथा उत्तर संतोषजनक नहीं होने पर विभागीय जांच संस्थित करने के निर्देश दिये। कम परिणाम के कारण में डुगलावदा, महुडिया, थडोद तथा देवरान के प्राचार्यों ने बच्चों की कम उपस्थिति की समस्या बताई। इस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को इन ग्राम पंचायतों में शिक्षा चौपाल लगाने के निर्देश दिये। चार स्कूलों के प्राचार्यो सें संतोषजनक जवाब नहीं देने पर, उन्हें नवम्बर माह के मासिक टेस्ट सुधारने के सख्त निर्देश देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को परिणाम सुधार नहीं होने पर निलम्बन का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने अच्छे परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों एंव शिक्षकों को बधाई देते हुए समस्त प्राचार्यों कों आगामी टेस्ट परिणाम कक्षा 10वीं 80 प्रतिशत तथा 12वीं में 85 प्रतिशत परिणाम देने के निर्देश दिये। जिला शिक्षा अधिकारी को अच्छे परिणाम देने वाले शिक्षकों को 26 जनवरी को पुरूस्कृत करने हेतु नाम प्रस्तावित करने के निर्देश दिये। समस्त विद्यार्थियों के अंको में वृद्धि हो यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ ही 10वीं एवं 12वीं प्री-बोर्ड परीक्षा राज्य स्तर से नहीं होने की स्थिति में जिले से आयोजित करने के निर्देश भी दिये।

## कास्ट्युम ज्वेलरी उद्यमी प्रशिक्षण बादपुर में 11 से प्रारम्भ होगा

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निर्देशक श्री महेशचन्द्र अग्रवाल द्वारा बताया गया कि कास्ट्युम ज्वेलरी उद्यमीप्रशिक्षण ग्राम बादपुरमें 11 नवंबर से 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ होगा। प्रशिक्षण का लाभ ग्रामीण अंचल की युवक युवतियां जिनकी उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच की होनी चाहिए। रजिस्ट्रेशन के लिए 2 नये पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, एवं राशन कार्ड की छायाप्रति के साथ गाँव बादपुरस्थान ग्राम पंचायत भवन पर रविना प्रजापति मोबा. 7999852839 को समय 11 बजे से 11 नवंबर तक जमा करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाये। अधिक जानकारी हेतू 6269058449, 8435806297 पर सम्पर्क करें।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर पर कल अन्नकूट महोत्सव

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्नेह नगर महिला भक्त मंडल मंदसौर द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर स्नेह नगर संजीत रोड़ पर 9 नवम्बर, शनिवार को शाम 7 बजे से पवित्र अन्नकूट व दीपावली मिलन का आयोजन किया जा रहा है। महिला भक्त मित्र मंडल ने सभी नगरवासियों से अनुरोध किया हैं की इस पावन अन्नकूट व दीपावली मिलन समारोह के कार्यक्रम में सपरिवार पधार कर महाप्रसादी ग्रहण करे एवं मंदिर में विराजमान चमत्कारी भगवान महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करें। यह जानकारी मंदिर समिति के प्रचार प्रसार मंत्री किरण शर्मा ने दी।

## एएनएम परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवाए

**नीमच, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा याचिका क्रमांक 5747/2023 TABASSUM QURESHI AND OTHERS VS THE STATE OF MADHYA PRADESH AND OTHERS तथा संबंधित अन्य याचिकाओं में पारित आदेश दिनांक 05-11-2024 के परिपालन में समस्त याचिकाकर्ताओं जिन्होंने कर्मचारी चयन मंडल भोपाल व्दारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह 5 के अन्तर्गत ए.एन.एम. (महिला बहुउददेशिय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की सीधी भर्ती हेतु आयोजित संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण की है एवं उनका नाम मेरिट में है नियुक्ति संबंधी नियमानुसार निर्णय लिये जाने हेतु दस्तावेजों के परीक्षण के संबंध में आज 8 नवम्बार 2024 को सुबह 9-30 बजे संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष समस्त यथोचित दस्तावेजों एवं माननीय न्यायालय निर्णय की सर्टिफाईड कापी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

सज्जन सिंह का सपना आयुष्मान कार्ड बनने से हकीकत में बदला...

# सज्जन सिंह अब कराएंगे मस्तिष्क का इलाज



**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के ग्राम सूरी के रहने वाले श्री सज्जन सिंह एवं उनकी पत्नी श्रीमती कमला कुंवर का आयुष्मान कार्ड अब बना है। इन दोनों की उम्र 70 वर्ष से अधिक हैऔर इनको अब आयुष्मान कार्ड का लाभ मिला है। श्री सज्जन सिंह की उम्र 75 वर्ष व श्रीमती कमला कुंवर की उम्र 72 वर्ष है। दोनो बहुत गरीब परिवार से है। कमला कुंवर दोनों पैरों से दिव्यांग भी है, इनको सरकार से दिव्यांगता पेंशन भी मिलती है। इन्हें मुफ्त राशन का भी लाभ मिल रहा है। श्री सज्जन सिंह मजदूरी करते हैं। श्री सज्जन सिंह को मस्तिष्क की बीमारी होने के कारण उदयपुर इलाज करवाने गए थे, वहां से उनको आयुष्मान कार्ड योजना के बारे में जानकारी डॉक्टर द्वारा प्रदान की गई। इसके पश्चात उनके द्वारा जिला चिकित्सालय मंदसौर में आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

श्री सज्जन सिंह कहते हैं कि, आयुष्मान कार्ड से अब में अपने मस्तिष्क का इलाज करवाऊंगा। बहुत ज्यादा गरीबी होने केकारण अपना इलाज ठीक से नहीं करा पा रहा था, लेकिन आयुष्मान कार्ड बन जाने से अब मैं अच्छे से इलाज करवाऊंगा। सज्जन सिंह कहते हैं कि, सपने में भी नहीं सोचा था कि मेरा और पत्नी का आयुष्मान कार्डबन जाएगा, लेकिन आज सपना हकीकत में बदल गया है। यह सब सरकार की वजह से संभव हुआ है, जिन्होंने गरीबों की मदद की है, गरीबों को राहत प्रदान की है। ऐसी सरकार को बहुत बहुत धन्यवाद।

## खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा खाद्य पदार्थों की जांच

**नीमच, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** खाद्य पदार्थों के लिए नमूने नीमच 7 नवंबर 2024 कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार खाद्य-सुरक्षा अधिकारी नीमच श्री यशवंत कुमार शर्मा द्वारा नीमच शहर में फर्म अग्रवाल दूध भंडार जवाहर नगर , मातादीन दूधवाले सदर बाजार , अलहम्द किराना स्टोर मूलचंद मार्ग , महावीर प्रोविजन मूलचंद मार्ग का निरीक्षण कर फर्म अग्रवाल दूध भंडार जवाहर नगर नीमच से एक नमूना मिश्रित दूध, मातादीन दूधवाले सदर बाजार तिलक मार्ग नीमच से एक नमूना घी , अलहम्द किराना स्टोर मूलचंद मार्ग नीमच से एक नमूना हरियाणा प्रेश देसी घी पैक, व प्रेम प्रोविजन मूलचंद मार्ग नीमच से एक नमूना चंद्रकमल देसी घी पैक एवं एक नमूना हेरिटेज घी पैक के लिए। जो जांच प्रयोगशाला भोपाल एवं प्रयोगशाला इंदौर भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्टें प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएंगी।

# भाकिसं ने नई अफीम नीति में संशोधन करने सहित किसानों की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय किसान संघ केराष्ट्रीय आह्वान के तहत भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत जिला मंदसौर द्वारा केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन केनाम एक ज्ञापन सुशासन भवन में नई अफीम नीति 2024-25 में संशोधन सहित आगामी वर्षों में अफीम किसानों की विभिन्न समस्याओंकेसमाधान तथा मंदसौर जिले केकिसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन जिला कलेक्टर प्रतिनिधि अपर कलेक्टर स्वाति तिवारी को दिया गया।

ज्ञापन के पूर्व भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष बद्रीलाल पाटीदार देहरी के नेतृत्व में मंदसौर व गरोठ जिले से आये किसान एस.पी. कार्यालय के सामने एकत्र हुए जहां से रैली के रूप में सुशासन भवन पहुंचे। रैली मार्ग में किसानों ने अपनी मांग के समर्थन में नारेबाजी की। रैली व ज्ञापन कार्यक्रम में प्रांतीय सदस्य भंवरसिंह पंवार, जिला संरक्षक राधेश्याम पाटीदार करजू, जिला मंत्री मंदसौर राधेश्याम ठन्ना फतेहगढ, जिला प्रचार प्रमुख मुकेश जाट काचरिया जाट, जिला युवा वाहिनी के रमेश जाट, सीतामऊ तहसील अध्यक्ष बालेश्वर पाटीदार, गरोठ तहसील अध्यक्ष कृपालसिंह, मंत्री रामनिवास बैरागी, दलौदा तहसील अध्यक्ष देवराम पाटीदार, मल्हारगढ तहसील अध्यक्ष अनिल पाटीदार, मदनसिंह सिसौदिया, रामप्रसाद पाटीदार, भगवतीलाल रिछालालमुहां, कारूलाल कुमावत बाबरेचा, अनुराग जाट काचरिया, कोषाध्यक्ष भगवानदास बैरागी, बालमुकुंद चौधरी सहित सैकडों संख्या में किसान एकत्र हुए। ज्ञापन में कहा कि भारत सरकार की ओर से हाल ही में नई अफीम नीति घोषित की गई है। जिसमें



कुछ प्रावधान सरकार की ओर से पांच वर्ष हेतु किसानों को जारी पट्टों के विरोधाभासी है। वही भारतीय किसान संघ की मांग व सुझावों पर पूर्व में बनी सहमति के बिंदु भी हाल में जारी नई अफीम नीति में शामिल नहीं हुए है। अत: नई अफीम नीति 2024-25 में संशोधन सहित विभिन्न समस्याओं का सकारात्मक समाधान कर राहत दिलाई जावे। सीपीएस पद्धति के पट्टे जो पहले दिए गए वो पांच वर्ष के लिए दिए गए थे। जिसकी किसानों से एडवांस में पांच वर्ष की फीस भी जमा करवाई गई थी। हाल में जारी वर्ष 2024-25 की नई अफीम नीति में 67.5 किलो प्रति 10 आरी से कम डोडा देने वाले किसानों के पट्टो को रोकना कतई ठीक नहीं है। अत: अफीम नीति में संशोधन कर पूर्व में जारी सभी पट्टेबहाल कराए जावें। सरकार द्वारा वर्ष 1995-96 से वर्ष 1997-98 तक के 25 की औसत ओर पट्टेजारी किए थे जबकि 1993-94 तथा वर्ष 1994-95 के ऑनलाइन अफीम पट्टे ऑनलाइन थे। उन्हें भी जारी किया जाना था। अत: वर्ष 1990-91 से 1997-98 तक के अफीम लाइसेंस को शून्य औसत या छपी लिस्ट के आधार पर जारी करवाया जावें। केन्द्रीय वित्त मंत्री के साथ तीन वर्ष पूर्व भारतीय किसान संघ की दिल्ली में अफीम नीति से सबंधित जो वार्ता हुई थी। उसमें उनके द्वारा संगठन प्रतिनिधि मंडल को अफीम किसानों की मांगों और सुझावों पर आश्वस्त किया था कि आने वाले तीन वर्षों में पुराने रुके हुए अथवा कटे हुए सभी पट्टेकिसानों को रोजगार हेतु बहाल कर दिये जायेंगे। लेकिन अभी तक 1990 से रुके और कटे सभी किसानों के पट्टे बहाल नहीं हो पाए है। ऐसे में सभी रुके व कटे हुए पट्टे जीरो औसत पर बहाल करवाये जावें। पूर्व में चली आ रही अफीम नीति जिसमें किसानों को दो प्लॉट में लुवाई चिराई वाले पट्टेजारी किए जाते थे लेकिन गत वर्ष जारी अफीम नीति में किसानों को एक ही प्लॉट में बुवाई की अनुमति के पट्टे जारी करने शुरू किए जिसमे इस बार भी बदलाव नहीं हुआ। अत: इसमें संशोधन कर पुन: दो प्लॉट में बुवाई का आदेश जारी करवाये जावे। डोडाचूरा को एनडीपीएस एक्ट से बाहर निकालकर राज्यों के आबकारी एक्ट में शामिल किया जावे क्योंकि इसमें नाम मात्र का नशा होता है जो किसी भी लेबोरेटरी में प्रतिशत के रूप में दर्शाया नहीं जाता है और सजा दस वर्ष अथवा इससे भी ज्यादा दी जाती है वहीं प्रतिवर्ष हजारों निर्दोष लोग सजा काट रहे हैं, इस धारा का अधिकांशत: दुरुपयोग ही हो रहा है। हर वर्ष अफीम नीति सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में हर हाल में घोषित होनी चाहिए क्योंकि यदि फसल बुवाई लेट होती है तो उत्पादन घटता है इस वर्ष की अफीम नीति पिछले 22 वर्षों में र्सबसे ज्यादा देरी से जारी हुई है जो सही नहीं है, हर वर्ष नवरात्रि से दीपावली के मध्य अफीम फसल की बुवाई हेतु मौसम अनुकूल होता है इस वर्ष काफी विलंब से नीति घोषित होने से किसानों के लिए अफीम उत्पादन को प्रभावित करने वाला होगा। सभी सीपीएस पद्धति वाले पट्टे भी लुवाई चिराई से अफीम निकालने में बदल कर जारी किए जाने हेतु। यह कि अफीम के भाव बढ़ाये जाये अफीम फसल लेने पर किसानों को बहुत खर्च उठाना पढ़ता है। इसलिये अफीम के भाव 10,000 रु. प्रति किलो किया जावे। जिसकी मांग विगत पांच वर्षों र्से किसानों द्वारा आंदोलन एवं ज्ञापन के माध्यम से की जा रही है। अफीम लाइसेंस की नामांतरण प्रक्रिया सरल कि जाकर नामिनी के आधार पर नामांतरण किया जावे। वृद्ध किसानों का जो आने जाने में तथा आंखों से देखने में भी असमर्थ है उन लाइसेंसधारी किसानों की सहमति के आधार पर जीवित रहते हुए नामांतरण किया जावे। भारतीय किसान संघ के विभिन्न सुझावों व मांगों का त्वरित सकारात्मक समाधान करवाया जाकर अफीम किसानों को राहत दिलाई जावें।

साथ ही जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन में कहा कि भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत कार्यकारिणी द्वारा बिजली की समस्याओं को लेकर इंदौर सीएमडी के बीच दिनांक 23-10-2024 को बैठक हो चुकी है पर अभी तक उन बिन्दुओं पर विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया। विद्युत पोल जहां पर झुक रहे व त्तार झूल रहे है। इससे बार-बार लाईन फाल्ट होती है उन्हें तुरंत ठीक किये जावे। ओवरलोड ट्रांसफार्मर को अंडरलोड किये जाये। घरेलू उपभोक्ताओं को विद्युत कम्पनी द्वारा एवरेज बिल दिये जा रहे वे बिल रीडिंग के आधार पर दिये जावे। जिन उपभोक्ता के बिजली मीटर बंद पडे उन्हें तुरंत दुसरे मीटर लगाये जावे। ट्रांसफार्मर जल जाता है तो विद्युत वितरण कम्पनी की जवाबदेही है। वह उसे खोल कर ले और वापस लगाये। अगर किसानों के ट्रैक्टर, ट्राली का उपयोग लिया जाता है तो उसका भुगतान तुरंत किया जावे एवं किराये की सूची दूरी के मान से चस्पा की जावे। सिंचाई पंपों का शेड्यूल चलता है तो समय से आधा घंटा लेट लाइट दी जाती है व आधे घंटे पहले बंद कर दी जाती है व बार-बार लाइट ट्रिपींग कर किसानों का समय बर्बाद होता है एवं सिंचाई प्रभावित होती है। जो शेड्यूल के अनुसार पूरे समय बिजली देने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जावे। राजस्व विभाग द्वारा समय पर नामांतरण व बंटवारे नही किये जाते है। राजस्व बंटवारे एवं नामांतरण समय अवधि में करने हेतु राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया जावे। जिले का जल स्तर बहुत नीचे जा चुका है। इसलिये ट्यूबवेल खनन इस वर्ष के लिये पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जावे। ज्ञापन में कहा कि समय सीमा में अगर किसानों की समस्याओं की समाधान नहीं हुआ तो संगठन स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय किसान संघ जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मुकेश जाट द्वारा दी गयी है।



## इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर पर अन्नकूट सम्पन्न

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** उधमसिंह चौराहा स्थित चमत्कारी इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जनों ने पंक्तिबद्ध होकर के प्रसाद ग्रहण किया।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मंदिर पर भक्तों के लिये अन्नकूट का आयोजन हुआ। जिसमें भगवान को भोग लगाकर आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को अन्नकूट प्रसादी प्रदान की गई। सायं 6 बजे अन्नकूट प्रसादी प्रारंभ हुई जो देर रात 10 बजे तक अनवरत चलता रहा। भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान के दर्शन वंदन कर प्रसादी ग्रहण की। लगभग 6 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर से जुड़े भक्तों ने अपनी सेवाएं भी दी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 402 | 2120 | 2350 |
| उडद | 91 | 6201 | 7501 |
| सोयाबीन | 6000 | 3500 | 4501 |
| गैहु | 2870 | 2815 | 3360 |
| चना | 178 | 6101 | 6758 |
| मसुर | 28 | 5500 | 6400 |
| धनिया | 130 | 5699 | 6900 |
| लहसुन | 13000 | 12501 | 26751 |
| मैथी | 460 | 4950 | 5981 |
| मुंगफली | 6500 | 3301 | 5000 |
| अलसी | 1070 | 5850 | 6140 |
| सरसो | 110 | 5600 | 6031 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 51 | 9000 | 12801 |
| प्याज | 7500 | 2100 | 4500 |
| कलोंजी | 0000 | 0000 | 0000 |
| तुलसी बीज | 0000 | 0000 | 0000 |
| डॉलर | 47 | 7000 | 11800 |
| तिल्ली | 54 | 10800 | 12561 |
| जौ | 4 | 2594 | 2594 |
| मटरसुखी | 4 | 4000 | 5252 |
| असालीया | 4 | 10800 | 11113 |
| मूंग | 0000 | 0000 | 0000 |

# मंडी में लहसून 71,171 और सोयाबीन 5,555 रुपये क्विंटल में बिका

**रतलाम, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** दीपावली के 11 दिन के अवकाश के बाद बुधवार को कृषि उपज मंडियां खुलने पर परंपरानुसार मंडियों में मुहूर्त सौदे हुए। महू रोड स्थित कृषि उपज मंडी (अनाज मंडी) में माताजी मंदिर में आरती की गई और पावर हाउस रोड स्थित पुरानी कृषि मंडी में स्थित कांटे वाले बाबा की दरगाह पर चादर शरीफ पेश कर खुशहाली व अच्छे कारोबार के लिए प्रार्थना की गई। इसके बाद मुहूर्त के सौदे में सोयाबीन का सौदा 5555 रुपये, गेहूं 5601 रुपये, प्याज 16751 रुपये व लहसुन 71171 रुपये क्विंटल रहा। हर वर्ष दीपावली के अवकाश के बाद लाभ पंचमी पर मंडियां खुलती है और उसी दिन मुहूर्त के सौदे होते हैं।

**लहसुन का रेट**–सैलाना रोड स्थित लहसुन मंडी में किसान शंकरसिंह पुत्र सज्जनसिंह निवासी ग्राम भटूनी का लहसुन श्री सांवरिया ट्रैडर्स फर्म के सतीश पाटीदार ने 71171 रुपये क्विंटल के भाव से खरीदा। महू रोड स्थित अनाज मंडी में सत्यनारायण पुत्र अंबाराम निवासी जड़वासाखुर्द का प्याज श्री केदार ट्रेडिंग कंपनी के सतीश पाटीदार ने 16751 रुपये क्विंटल के भाव से खरीदा।

**गेहूं का रेट**–गेहूं के मुहूत सौदे में अशरफ पुत्र हमीद खान निवासी सनावदा की उपज 5601 रुपये क्विंटल के भाव से हितेश एग्रो के संचालक हितेश पारख, हितेश मेहता ने खरीदी। सोयाबीन के सौदे में आयुष पुत्र विनोदी पाटीदार की सोयाबीन महेश कुमार रमेशचंद्र फर्म के द्वारिकाधीश धूत ने 5555 रुपये क्विंटल का भाव देकर उपज खरीदी।

**व्यापारियों और किसानों का सम्मान**–मुहूर्त के सौदे करने वाले व्यापारियों व किसानों का पुष्प माला पहनाकर व सांफा बांधकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर व्यापारी मनोज जैन, सैयद मुख्तियार अली, रितेश बाफना, नीलेश बाफना, रविंद्र मुरलीवाला, हम्माल–तुलावटी संघ के सुरेंद्रसिंह भाटी, मंडी प्रांगण प्रभारी राजेंद्र व्यास सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, किसान, हम्माल, तुलावटी, मंडी अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। उपमंडी नामली में दीपावली की छुट्टियां समाप्त होने के बाद लाभ पंचमी के अवसर पर उपज खरीदी का शुभारंभ किया गया। ग्राम कलोरीकला के किसान नारायणसिंह की सोयाबीन 7000 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से माही ट्रेडर्स के व्यापारी ने खरीदी।

**गेहूं 6666 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से बिका**–किसान दिलीपसिंह राजपूत की लहसुन महेश बाबूलाल फर्म के व्यापारी ने 34034 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदी। इसी तरह किसान भारत लाल जाट के गेहूं 6666 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से माही ट्रेडर्स के व्यापारी ने खरीदे। व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रेणिक जैन ने मुहूर्त सौदे कार्यक्रम को समय पूर्व करने परनाराजगी व्यक्त की। उनका कहना था कि स्थानीय मंडी प्रशासन ने जो समय निर्धारित किया था उस मुहूर्त के पूर्व ही नीलामी में बोली लगा दी गई। जिससे पर कई किसान और व्यापारी समय पर नहीं पहुंच पाए। दीपावली की छुट्टियां खत्म होने के बाद अब मंडी में प्रतिदिन किसान अपनी उपज लेकर पहुंचने लगेंगे।

## छह दिनों से गुम उज्जैन के युवक की हत्या का मामला...

# सभी आरोपी गिरफ्तार, साक्ष्य मिटाने की धाराएं भी बढ़ाई

**रतलाम, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** बांछड़ा ढेरो के परवलिया गांव में एक दुकानदार से विवाद के बाद लापता हुए और बाद में लाश की शक्ल में एक कुए से बरामद हुए उज्जैन निवासी युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पिछले रविवार से लापता युवक लोकेश की लाश को गत दिवस बुधवार को सरफराज के खेत पर बने कुए से पुलिस ने बरामद कर लिया था। आरोपियों की विधिवत गिरफ्तारी के बाद गुरुवार को एसपी अमित कुमार ने प्रेस वार्ता में इस पुरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने की विस्तार से जानकारी दी।

एसपी अमित कुमार ने बताया कि विगत 03 नवम्बर को फरियादी सोमिल ने अपने साथीयों के साथ ढोढर पुलिस चौकी पर सूचना दी कि दिनांक 01 नवम्बर को वह अपने साथीयों के साथ परवरिया ग्राम में ढाबे पर खाना खाने के लिये रूका था। जहां पर गांव में किराने की दुकान पर सिगरेट के दाम को लेकर दुकानदार यश चौहान से झगडा हुआ था । इस पर दुकानदार यश चौहान ने अपने 05 साथियों के साथ मिलकर फरियादी व उसके साथियों के साथ जमकर मारपीट की। जिसमें एक साथी लोकेश पिता भंवरलाल तम्बोलिया उम्र 22 साल निवासी मकान नम्बर 158, गली न. 5, राजीव नगर, उज्जैन थाना चिमनगंज जिला उज्जैन अपनी जान बचाकर ढोढर तरफ भागा तो यश चौहान व उसके साथियों द्वारा लोकेश का पीछा किया व उसको पकडकर उसके साथ मारपीट की । फरियादी व उसके अन्य साथी भी वहां से जान बचाकर भाग गये । अगले दिन उज्जैन में सभी साथी मिले लेकिन लोकेश नही आया जिसका मोबाईल भी बंद था । जिसकी तलाश के लिये वापस परवलिया आये। लोकेश के नाही मिलने पर चौकी ढोढर पर पहुँच कर घटना के संबंध में सूचना दी । जिस पर पुलिस के द्वारा गुम शुदा लोकेश तम्बोलिया के संबंध में गुम इंसान क्रमांक 41/2024 एवं मारपीट के संबंध में अपराध क्रमांक 425/2024 धारा 296,115(2),351(2),191(2) 3(5) इछ्डका पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि इस मामले की जाँच के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन मे एसडीओपी जावरा शक्तिसिंह चौहान एवं नगर पुलिस अधीक्षक जावरा दुर्गेश आर्मो के नेतृत्व में गुम शुदा की तलाश व आरोपीयों की धरपकड हेतु, सायबर सेल, सीसीटीवी शाखा, की विभिन्न टीमों का गठन किया गया जिसमें जावरा ग्रामीण अनुभाग के थाना रिंगनोद, थाना बड़ावदा, थाना पिपलोदा के प्रभारी, जावरा सिटी अनुभाग के जावरा सिटी एवं इंडस्ट्रियल एरिया के प्रभारी, थाना प्रभारी बिलपांक, सायबर सेल प्रभारी, एफएसएल अधिकारी, डॉग स्क्वाड, सीसीटीवी सेल प्रभारी को भी शामिल किया गया।

उक्त सभी टीमों के द्वारा की गई तलाशी एवं अनुसंधान में प्राप्त साक्ष्य के आधार पर प्रकरण में आरोपीगणों से पूछताछ की गई जिनके द्वारा प्राथमिक जांच में लगातार पुलिस को गुमराह किया गया किन्तु प्रकरण में प्राप्त साक्ष्य के आधार पर पूछताछ करने पर आरोपीगणों के द्वारा गुमशुदा लोकेश तंबोलिया की हत्या करना स्वीकर किया एवं हत्या करने के बाद शव को परवलिया के सरफराज खान के खेत पर बने हुए कुंए में फेंकना बताया। आरोपीगणों की निशानदेही पर ग्राम परवलिया के सरफराज खान के खेत पर बने हुए कुंए से गुमशुदा लोकेश तंबोलिया के शव को बरामद किया गया एवं गुमशुदा लोकेश तंबोलिया की मारपीट कर हत्या कर शव कुंए में फेंकने वाले 06 आरोपीगणों को पुलिस ने गिरफ्तार किया । मृतक के शव का पीएम मेडिकल कालेज रतलाम में कराया गया। प्रकरण में हत्या की धारा 103(1) एवं 238 बीएनएस का ईजाफा किया गया। ✻ यश पिता राजकुमार चौहान जाति बांछड़ा उम्र 20 साल निवासी बांछड़ा डेरा परवलिया, ✻ पीयुष माता सुमन चौहान जाति बांछड़ा उम्र 22 साल निवासी बांछड़ा डेरा परवलिया, ✻ रिंकु पिता बंशीलाल चौहान जाति बांछड़ा उम्र 19 साल निवासी बांछड़ा डेरा परवलिया, ✻ अभिषेक माता ममता चौहान जाति बांछड़ा उम्र 25 साल निवासी बांछड़ा डेरा परवलिया, ✻ क्रिश उर्फ विराट पिता रघुवन चौहान जाति बांछड़ा उम्र 21 साल निवासी- बांछड़ा डेरा परवलिया, ✻ रितीक पिता राजकुमार चौहान जाति बांछड़ा उम्र 24 साल निवासी- बांछड़ा डेरा परवलिया आरोपी गिरफ्तार हुए है।



## एमपीआरडीसी के नोटिस पर परवलिया में 33 मकानों का अवैध निर्माण हटाया

रतलाम जिले के जावरा-नीमच फोरलेन पर बसे ग्राम परवलिया में प्रशासन ने बुधवार को एमपीआरडीसी के नोटिस पर सरकारी जमीन पर बने 33 मकानों को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। ग्राम परवलिया के लोगों ने कार्रवाई का विरोध भी किया लेकिन प्रशासन ने जेसीबी की मदद से एमपीआरडीसी की जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाया एमपीआरडीसी के नियमानुसार फोरलेन की सेंटर लाइन से 40 मीटर दायरे में कोई भी बिल्डिंग बिना अनुमति नहीं बन सकती। सेंटर लाइन से 22.5 मीटर तक एमपीआरडीसी की भूमि कहलाती है। टू लेन पर अधिग्रहीत भूमि का दायरा 16 मीटर रहता है। इसी नियम से प्रशासन ने अवैध निर्माण से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन प्रशासन की सख्ती के कारण किसी की नहीं चली। जावरा एसडीएम त्रिलोचन गौड़ ने बताया कि दो दिन में 33 मकानों के अवैध निर्माण तोड़े गए हैं। जो कि शासकीय भूमि में आ रहे थे। पूर्व में कई बार मकान मालिकों को एमपीआरडीसी की ओर से नोटिस भी दिए गए थे। इसके बावजूद अवैध निर्माण को नहीं हटाया गया। ब्लैक स्पॉट होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका के चलते कार्रवाई की गई है।

# मारपीट कर हाथ तोड़ने वाले आरोपी को 1 वर्ष का कारावास

**मनासा, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस। सुश्री प्रीति परिहार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मनासा के द्वारा पुरानी रंजीश के कारण लट्ठ से फरियादी के साथ मारपीट कर उसका हाथ तोडने वाले आरोपी अशोक पिता रामलाल भील, उम्र-38 वर्ष, निवासी-ग्राम पलासिया, थाना मनासा, जिला नीमच को धारा 325 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01 वर्ष के कारावास व 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया।**

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री विपिन मण्डलोई द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 07 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 03.08.2017 को रात्रि के 8:30 बजे ग्राम पलासिया स्थित फरियादी उदयराम के घर के बाहर की हैं। घटना दिनांक को फरियादी उसके घर के बाहर बैठा था, तभी वहां पर आरोपी आया और पुरानी रंजीश को लेकर फरियादी के साथ विवाद करते हुए लट्ठ से उसके सिर व बाये हाथ पर मारा, जिससे फरियादी के हाथ में फ्रेक्चर हो गया था। घटना स्थल पर मौजूद फरियादी की पत्नी कन्याबाई व तुलसीराम ने बीच-बचाव किया था, जिसके बाद आरोपी वहां से चला गया। फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपी के विरूद्ध थाना मनासा में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई एवं आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र मनासा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादी, चश्मदीद साक्षी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थदण्ड की राशि 1000रू. को प्रतिकर के रूप में फरियादी को प्रदान किये जाने का आदेश भी पारित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री विपिन मण्डलोई, एडीपीओ द्वारा की गई।

## मारपीट, पिता-पुत्र पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पिता-पुत्र पर केस दर्ज हुआ। बालागुढा निवासी जसपाल पाटीदार ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मै अपने पिता मुकेश पाटीदार के साथ खेत पर गेंहू बो रहे थे, इसी दौरान मोहन पिता राधेश्याम पाटीदार व उसका लड़का जतिन दोनों आए और बोले कि तूमने खेत हांकने के दौरान हमारे खेत की मेड फाड दी। दोनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की व पत्थर फेंके, जिससे चोंटे आई व खून निकलने लगा। पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया।

# लहसून चोर सक्रिय, किसान आक्रोशित, दो घरों में रखें चार कट्टे लहसून चोरी कर ले गए बदमाश

## किसान ने विरोध किया तो चोरों ने पत्थर से सर फोड़ दिया

**नाहरगढ़, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस। लहसुन के भाव इन दिनों आसमान पर होने के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की वारदात बढ़ गई है। लगातार एक के बाद एक लहसुन चोर रात्रि समय सक्रिय हो गएं।**

ऐसा ही गुरुवार रात्रि चार बजे नाहरगढ खजूरी रोड पर स्थित दोनों सगे भाई हीरालाल शर्मा एवं बंटेश शर्मा के मकान पर चोरों ने धावा बोल दिया। खेतों के रास्ते होते हुए चोर कंबल ओढ़कर बंटेश शर्मा तथा हीरालाल शर्मा दोनों घर में दाखिल हुए. बंटेश के घर से दो लहसुन कट्टे.और हीरालाल घर से दो लहसुन करी वाले कट्टे चौर लेकर रफू चक्कर हो गए । घर मालिक बंटेश ने बताया कि सुबह लगभग 4:00 बजे मेरे घर के बरामदे में लहसुन की सफाई करने के लिए कुछ कट्टेपड़े थे । जिसकी किमत 35 हज़ार थी किंतु बीती रात चोरों ने मेरे घर के अंदर एंट्री करी वह धीरे-धीरे घर की ओर आए और उन्होंने दो कट्टे लहसुन उठाएं, इतने में मेरे कमरे की कुंडी पर उनका हाथ लग गया. आवाज सुनने बाद में जोर से चिल्लाया इतने में चोर ने दनादन पत्थर बरसाने शुरू किए । जिसमें से एक पत्थर मेरे सिर पर लगा गया जिससे में घायल हो गया । चोरों संख्या चार थी घर के परिजन भी जाग गए. वहीं चोरी की एक दिन पहले हीरालाल शर्मा लहसुन दो कट्टे, कीमत 45 हज़ार बाजार से खरीद कर लाए थे. खेत की तैयारी के लिए. चोरों ने दोनों घरों से लहसुन चार कट्टे चुरा ले गए ।



बंटेश के उपचार दोरान सर में तीन टांके आए. दोनों घर मालिकों ने थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मैराथन रैली का आयोजन कल

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कपिल मेहता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर द्वारा न्यायोत्सव विधिक सेवा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विधिक सेवा दिवस के अवसर दिनांक 9 नवंबर 2024 को प्रात: 7:30 बजे से एक मैराथन रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली जिला न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर उत्कृष्ट विद्यालय खेल परिसर तक आयोजित की जाएगी।

इस रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन में विधिक सेवाओं के प्रति जागरूकता फैलाना है, ताकि सभी नागरिक अपने विधिक अधिकारों और सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, श्री सिद्धार्थ तिवारी ने आमजन से अपील की है कि वे इस मैराथन रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। उन्होंने सभी से अनुरोध किया है कि वे 9 नवंबर को प्रात: 7:30 बजे से पहले जिला न्यायालय परिसर में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस आयोजन से विधिक सेवाओं के प्रति आमजन की जागरूकता में वृद्धि होगी और लोगों में उनके अधिकारों के प्रति समझ और सजगता विकसित होगी।

## भाई ने भाई को पीटा

**पिपलियामंडी, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** भाई ने भाई को पीटा। पुलिस ने केस दर्ज किया। भागरिया मोहल्ला निवासी जयप्रकाश पिता अम्बालाल पाटीदार ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि हम तीनों भाईयों के जमीन का बंटवारा हो चुका है, उसके बावजूद मेरे भाई राजेश ने जमीन बंटवारे को लेकर विवाद किया व गालियां दी। गाली देने से मना किया तो मारपीट की। राजेश ने ट्रेक्टर से मेरी प्याज की खड़ी फसल को भी हांक दिया, जिससे करीब 25 हजार रुपए का नुकसान हुआ। पुलिस ने राजेश पर केस दर्ज किया।

## पीएम-विद्या लक्ष्मी योजना से विद्यार्थियों की प्रगति के द्वार खुलेंगे-मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री का योजना मंजूर करने पर मुख्यमंत्री ने किया अभिनंदन

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के मेधावी विद्यार्थियों के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना मंजूर करने का प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक वंदन-अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय कैबिनेट में मेधावी विद्यार्थियों के लिए पीएम- विद्यालक्ष्मी योजना मंजूर कर उन सभी विद्यार्थियों की राह आसान कर दी है, जिनके लिए आर्थिक कारणों ने बाधाएं खड़ी कर दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना से विद्यार्थियों की प्रगति के द्वार खुलेंगे। मेधावी विद्यार्थियों के सपने साकार होंगे और विकसित भारत में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा ऋण के इस ऐतिहासिक निर्णय से प्रति वर्ष 22 लाख से अधिक विद्यार्थियोंको लाभ मिलेगा।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 13 को भ्रमण पर रहेंगे

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** जिला सैनिक कल्याण संयोजक द्वारा बताया गया कि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 13 नवंबर को विश्राम गृह गरोठ में प्रात:10:00 से 10:30 तक, गृह गांधीसागर जल विद्युत गृह में समय दोपहर 12:00 से 1:30 तकएवं स्थान भानपुरा विश्राम गृह में समय दोपहर 2:30 से 3:00 बजे तक रहेंगे। मंदसौर जिले के पूर्व सैनिको, वीर, नारियों, विधवाओं एवं आश्रितों को कोई समस्या है तो उनको अवगत कराए ताकि उनका निवारण किया जा सके।




## 70+ वाले व्यक्ति क्यूआर कोड स्कैन करके स्वयं घर बैठे आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** लोक सेवा प्रबंधक श्री वैभव बैरागी द्वारा बताया गया कि, उम्र 70+ वाले व्यक्ति आयुष्मान ऐप/https://beneficial.nha.gov.inप्रक्रिया के माध्यम से अपना आधार कार्ड नम्बर डालकर आयुष्मान कार्ड स्वयं भी बना सकते है। इसके लिए क्यू आर कोड स्केन करें ओर वेबसाईट पर जाए।वेबसाइट पर जाकर अपना स्वयं का आधार कार्ड नंबर दर्ज करें और आयुष्मान कार्ड बनाए। साथ ही परिवार में किसी भी व्यक्ति जिसकी उम्र 70 वर्ष से ज्यादा है। उस व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड भी घर बैठे स्वयं बना सकते हैं।

## पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के नवीनीकरण आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के मध्यप्रदेश ट्राइवल अफेयर्स एण्ड शड्यूल कॉस्ट वेलफेयर ऑटोमेशन सिस्टम (एमपीटीएएएस) पोर्टल पर नवीनीकरण आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण आयुक्त, श्री सौरभ सुमन ने नवीनीकरण आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ करने की जानकारी देते हुए पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सभी जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी जारी किए है।आयुक्त, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण श्री सुमन ने विभागीय अधिकारियों से कहा है कि वह अपने जिले की संबंधित संस्थाओं को नवीनीकरण आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने की विधिवत सूचना दे और पात्र विधार्थियों के आवेदन पत्र भरवाना सुनिश्चित करें।

## तीन आरोपियों के विरूद्ध रासुका की कार्यवाही

**नीमच, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** जिला दण्डोधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 की उपधारा 3(2) के तहत तीन आरोपियों को तीन माह की अवधि के लिए सेंट्रल जेल इंदौर निरोध में लिए जाने का आदेश जारी किया गया है। बघाना निवासी आरोपी मोहम्मिद समीर पिता मेहमुद कुरेशी, कामील पिता सलीम कुरेशी एवं आरोपी इरफान उर्फ़ भेया पिता मोहम्मिद असलम कुरेशी थाना बघाना के द्वारा जुना बघाना स्थित चैतन्यइ महादेव मंदिर में अपवित्र वस्तुस फेंककर मंदिर को दुषित करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी नीमच द्वारा प्रस्तुेत प्रतिवेदन के आधार पर उक्त तीनों आरोपियों को तीन माह की अवधि के लिए निरोध में लिए जाने का आदेश जारी किया गया है। डी.एम. द्वारा उक्त आदेश बघाना क्षेत्र में लोक शांति एवं सुरक्षा व्यावस्था को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है।

# योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग में 'बेस्ट प्रैक्टिसेस' के आवेदन आमंत्रित

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** प्रमुख सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकीविभाग श्री संजय कुमार शुक्ल ने जिला कलेक्टर्स को जिले में हो रहे नवाचार एवं बेस्ट प्रेक्टिसेस को प्रोत्साहित करने के लिये नीति आयोग के निर्देशानुसार आवेदन आमंत्रित करने पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि नीति आयोग जिलों के नवाचार और बेस्ट प्रेक्टिसेस को प्रोत्साहित करने एक मंच प्रदान कर रहा है। इसके लिये विषयवार संगोष्ठी का आयोजन प्रस्तावित है। सुशासन एवं अभिनव सफल प्रथाओं के लिये किये जा रहे प्रयासों की पहचान करना राज्य नीति आयोग का प्रमुख कार्य है।

प्रमुख सचिव श्री शुक्ल ने कहा है कि आयोग द्वारा जिलों से प्राप्त आवेदनों को उनके नवाचार के आउटकम, रिप्लीकेबिलिटी और स्केलेबिलिटी के आधार पर चयनित किया जाएगा। चयनित किए गए जिलों के कलेक्टर या उनके जिलों के उप सचिव स्तर से अनिम्न अधिकारी को संगोष्ठी में प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाएगा अथवा बेस्ट प्रेक्टिसेस का प्रकाशन किया जाएगा। इस संबंध में समन्वय हेतु श्री ईश गुप्ता, कसलटेंट, राज्य नीति आयोग ईमेल gupta.ish@mp.gov.in मोबाईल- 9826050969 से संपर्क किया जा सकता है। सभी को निर्देशित किया गया है कि संलग्न लिंक में अपने जिलों की बेस्ट प्रेक्टिसेस की जानकारी प्रविष्ट करें। सभी जिले गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन जमा करने के पात्र होंगे।

# प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन का प्रांतीय अधिवेशन सम्पन्न, जोशी पुन: प्रान्ताध्यक्ष

**मंदसौर, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन का राज्य स्तरीय प्रांतीय अधिवेशन प्रदेश अध्यक्ष श्याम जोशी के मुख्य आतिथ्य एवं कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एच.पी. उरमलिया की अध्यक्षता में छतरपुर के जिलाध्यक्ष प्रांतीय उपाध्यक्ष बी.पी.सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निरंकार पाठक एवं उनकी टीम के नेतृत्व में शहनाई गार्डन छतरपुर में सम्पन्न हुआ। प्रांतीय सम्मेलन में 700 से अधिक प्रदेश के जिलों के जिलाध्यक्षों संभागीय अध्यक्षों/पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। जिसमें श्री श्याम जोशी इंदौर पुन: प्रान्ताध्यक्ष निर्वाचित हुए। सम्मेलन में पेंशनरों की मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जिलों से आये प्रतिनिधियों द्वारा अपने विचार रखकर आगामी रूपरेखा तय की। जिसे तहत 32 माह एवं 27 माह का एरियर शासन द्वारा नहीं दिये जाने से इसको लेकर



माननीय न्यायालय अवमानना प्रकरण चलाये जाने, शासन द्वारा जिले के पेंशन कार्यालय को बंद करने के निर्णय का विरोध करने, पेंशनर विरोधी धारा 49 (6) समाप्त करने, केन्द्र के समान 53 प्रतिशत महंगाई राहत देने जैसे अनेकों बिन्दुओं पर चर्चा कर इसको लेकर शासन की नीतियों को लेकर गंभीर असंतोष व्यक्त करते हुए सर्वानुमति से आगामी विधानसभा सत्र में भोपाल में पेंशनरों की मांगों को पूर्ण करवाने एवं ध्यानाकर्षण हेतु जंगी प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। अधिवेशन को छतरपुर के जिला कोषालय अधिकारी एवं बिजली पेंशनर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश बाबू खरे ने भी संबोधित किया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रांतीय पदाधिकारियों, छतरपुर जिले के साथ ही ब्लॉक तहसीलों की प्रतिभाओं को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। श्री श्याम जोशी के पुन: प्रांताध्यक्ष बनने एवं छतरपुर शाखा द्वारा सफल आयोजन के लिये पेंशनर एसोसिएशन मंदसौर के जिलाध्यक्ष सतीश नागर, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान, सचिव कैलाश जोशी, के.सी. श्रीवास्तव, भारत पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष पंडित गोपालकृष्ण शर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, महामंत्री इंजि. सुनील व्यास, बलवंतसिंह कोठारी, प्रांतीय सचिव कन्हैयालाल भावसार, उपाध्यक्ष गोविन्दसिंह पंवार, कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा आदि जिला तहसील, ब्लॉक अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी। सम्मेलन में संचालन प्रो. सुरेन्द्रसिंह, आर.सी. चोरसिया, बी.एन. तिवारी ने किया। आभार शंकरलाल सोनी ने माना। ये जानकारी पेंशनर एसोसिएशन मंदसौर के जिलाध्यक्ष सतीश नागर द्वारा दी गई।

# मनासा महाविद्यालय में योग प्राणायाम कार्यशाला का विश्राम कल



**मनासा, 07 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** आरोग्य भारती, जिला योग समिति एवं पतंजलि योग समिति जिला नीमच द्वारा श्री रामचंद्र विश्वनाथ शासकीय महाविद्यालय मनासा में चल रही योग व प्राकृतिक चिकित्सा कार्यशाला का शनिवार 9 नवंबर को विश्राम होगा! महाविद्यालय में स्थित श्री छत्रपति शिवाजी सभागार में संचालित शिविर में आरोग्यता हेतु सरल समाधान योग प्राणायाम प्रकल्प का प्रयोग वी परामर्श द्वारा नीमच के योग प्रेमी गुणवंत गोयल, योगाचार्य बालकृष्ण सोलंकी योग शिक्षक मनोहर लाल भारद्वाज द्वारा विस्तृत ज्ञान के साथ शुद्ध व सात्विक आहार के अल्पाहार द्वारा परिचय कराया जा रहा है, संस्था प्राचार्य डॉक्टर एम. एल. धाकड, व्याख्याता डॉक्टर स्मिता रावत, डॉक्टर अनिल जैन, डॉक्टर जी. के. कुमावत, प्रो. मुकेश मालवीय, प्रो. आशा पटेल एवं महाविद्यालय के प्रमुख सहयोगियों की उपस्थिति में संचालित योग शिविर से बच्चों को बिना किसी औषधि के स्वस्थ रहने की जीवन शैली सीखने को मिल रही है, कार्यशाला के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ धाकड ने कहा कि जिले के समर्पित एवं अनुभवी योग गुरुओं का मार्गदर्शन रोचक होने के साथ-साथ ज्ञानवर्धक है; यही कारण है की संस्था के विद्यार्थीयों, विशेष कर बालिकाएऔं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जि रहा है, शिविर संयोजक मनासा की डॉक्टर प्रियंका बैरागी ने बताया की संचालित शिविर में आहार - विहार, विचार की शिक्षा व प्रयोग के साथ ही स्वल्पाहार में प्राकृतिक सामग्री की उपलब्धता सदन में उपस्थित सभी साधक / साधिकाओं को पसंद आई उपरोक्त जानकारी डॉक्टर प्रियंका बैरागी मनासा द्वारा प्रदत्त!

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in